# वन विभाग हरियाणा
# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी (क्षे), रेवाड़ी

वन परिसर,कृष्णा नगर, रेवाड़ी दूरभाष/फैक्सः 01274-254568 Email. dforewari2004@gmail.com

कमांकः 2271 दिनांकः 15-12-2021

सेवा मे :

प्रधान,
ग्राम सभा-सीहा,
जिला-रेवाडी।

विषय : Diversion of 0.2538 ha. of Forest land for Construction of Halt Station/Platform on Delhi-Rewari-Sadulpur Railway line, Ch. no. 101.30 at Village-Siha, under forest Division and District, Rewari.

Online Proposal No.- FP/HR/Rail/146848/2021

सन्दर्भः प्रधान मुख्य वन संरक्षक,हरियाणा, पंचकूला का पत्र कंमाक-D-III-10143/5361 दिनांक-13.12.2021

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध मे सन्दर्भाकित पत्र द्वारा विषयांकित प्रस्ताव मे सैद्वान्तिक स्वीकृति सी.ए, एन.पी.वी एवं अन्य चार्जिज कि राशि आनलाईन चालान जनरेट करके जमा करवाने हेतू प्राप्त हुई है(प्रति संलग्न)

अतः इस सम्बन्ध मे आपको लिखा जाता है कि आप भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन मन्त्रालय कि वैबसाईट www.parivesh.nic.in पर अपनी रजिस्टर्ड यूजर आई.डी. से ऑनलाईन चालान जनरेट करके चालान मे अंकित खाते मे निम्न विवरणानुसार राशि जमा करवाएं-

| Sr.No. | Particulars of Charges | Amount |
|---|---|---|
| 1 | Compensatory Afforestation | 366466.12 |
| 2 | Additional Compensatory afforestation | 5771.12 |
| 3 | Barbed wire fencing | 412800 |
| 4 | Felling | 0 |
| 5 | Supervisory/Overhead/misc. Charges | 36646.612 |
| 6 | Exigency Charges | 242853.8196 |
| 7 | Net Present value | 225120.6 |
| **8** | **G. Total** | **1289659** |

अतः उपरोक्त अनुसार राशि जमा करवाकर बैंक चालान कि प्रति यूटीआर नम्बर सहित यथाशीघ्र इस कार्यालय को भेजे ताकि स्टेज-II स्वीकृति हेतू प्रस्ताव उच्चाधिकारियो को भेजा जा सके।

वन मण्डल अधिकारी,
रेवाडी।

पृ0 कंमाकः दिनांकः

एक प्रति वन राजिक अधिकारी, रेवाडी को भेजकर निर्देश दिए जाते है कि प्रस्तावित साईट पर बिना स्टेज-II स्वीकृति के कार्य न होना सुनिशिचित किया जाएं तथा विषयांकित प्रस्ताव मे सी.ए साईट का चयन करके जी.पी.एस कोर्डिनेट तथा के.एम.एल फाईल सहित सूचना तुरन्त इस कार्यालय को भेजे, अन्यथा किसी प्रकार कि देरी के लिए आप स्वंय जिम्मेवार होगे। उक्त आदेशो कि दृढता से पालना कि जाएं।

वन मण्डल अधिकारी,
रेवाडी।

# कार्यालय
## प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा,
## वन विभाग, हरियाणा सरकार,

सी–18, वन भवन, सैक्टर 6, पंचकुला, दूरभाष/फैक्स +91 172 2563988, 2560706, E-mail: cffcpanchkula@gmail.com

क्रमांकः प्रशा–डी–तीन–10143/5361 दिनांकः 13-12-2021

सेवा में

वन संरक्षक, दक्षिणी परिमण्डल,
गुरुग्राम ।

विषय : Diversion of 0.2538 ha. of forest land for construction of Halt Station/Platform on Delhi-Rewari-Sadulpur Railway Line, Ch. No. 101.30 at Village Siha, under forest division and District Rewari, Haryana.
Online Proposal No. FP/HR/Rail/146848/2021
संदर्भ : आपका पत्र क्रमांक 2895 दिनांक 1–12–2021 ।

---

कृपया उपर्युक्त विषय पर संदर्भांकित पत्र का अवलोकन करें जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा 2 के अधीन अनुमति मांगी गई है ।

2. सरकार द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1670–व–2–2016/8430 दिनांक 6–5–2016 की अनुरूपता में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा, पंचकुला के कार्यालय स्तर पर इस प्रस्ताव का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् उपर्युक्त उद्देश्य हेतु 0.2538 हैक्टेयर वन भूमि के उपयोग के लिए सैद्धान्तिक स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों को पूर्ण करने पर प्रदान की जाती है :–

(i) प्रयोक्ता एजैन्सी से स्कीम के अनुसार प्रतिपूर्ति पौधारोपण की राशि जमा करवाई जाए ।

(ii) माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 30–10–2002, 28–3–2008, 24–4–2008 एवं 9–5–2008 तथा पर्यावरण एवं वन मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देश संख्या 5–3/2007–एफ0सी0, दिनांक 5–2–2009 के अनुसार प्रयोक्ता एजैन्सी से प्रस्तावित वन भूमि की नैट प्रैजैन्ट वैल्यु जमा करवाई जाए ।

(iii) प्रयोक्ता एजैन्सी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की website www.parivesh.nic.in के माध्यम से अपने केस में चालान जनरेट करके उसमें अंकित लेखा में ही राशि जमा करवाएगी ।

(iv) "अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006" की अनुपालना में सम्बन्धित जिलाधीश की ओर से प्रमाण पत्र प्राप्त करके तुरन्त इस कार्यालय को भेजें ।

(v) प्रतिपूर्ति पौधारोपण के लिए प्रस्तावित साईट "पट्टी जाडरा डिस्ट्रीब्यूटरी कि0मी0 1–2 के दोनों ओर" 508+8=516 पौधे लगाने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है । इसलिए अन्य प्रतिपूर्ति पौधारोपण साईट का चयन करके उसका डी0जी0पी0एस0 मैप, के0एम0एल0 फाईल व भूमि उपयुक्तता प्रमाण पत्र इस कार्यालय को भेजें ।

3. अन्तिम स्वीकृति के उपरान्त निम्नलिखित शर्तों का पालन भी किया जाएगा ।

(i) वन भूमि की विधिक परिस्थिति बदली नहीं जाएगी ।

(ii) प्रस्ताव के अनुसार कोई वृक्ष बाधक नहीं है इसलिए कोई वृक्ष नहीं काटा जाएगा । परन्तु 4 पौधे नष्ट होंगे ।

(iii) वन भूमि का प्रयोग प्रस्ताव में दर्शाए गए उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा ।

11.12.2021

(iv) माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार जब कभी भी एन0पी0वी0 की राशि बढ़ाई जाएगी तो उस बढ़ी हुई एन0पी0वी0 की राशि को केम्पा हरियाणा के लेखा में जमा करवाने के लिए प्रयोक्ता एजैन्सी बाध्य होगी ।

(v) साथ लगते वन और वन भूमि को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा और साथ लगते हुए वन और भूमि को बचाने के लिए सभी प्रयत्न किए जाएंगे ।

(vi) स्थानान्तरण के लिए प्रस्तावित वन भूमि को सरकार की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य एजैन्सी, विभाग या व्यक्ति विशेष को हस्तान्तरित नहीं किया जाएगा ।

(vii) सरकार की अनुमति के बिना प्रस्ताव की ले आउट प्लान को बदला नहीं जाएगा ।

(viii) वन भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई श्रमिक शिविर नहीं लगाया जाएगा ।

(ix) प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा वांछित भूमि संरक्षण पैमाने उपयोग किए जाएंगे, जिसके लिए प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा वर्तमान दरों पर धन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी ।

(x) प्रयोक्ता एजैन्सी द्वारा श्रमिकों तथा कार्यस्थल पर कार्यरत स्टाफ को अधिमानत: वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि साथ लगते वन क्षेत्र को किसी प्रकार के नुकसान तथा दबाव से बचाया जा सके ।

(xi) प्रयोक्ता एजैन्सी राज्य के मुख्य वन्य जीव संरक्षक द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार उस क्षेत्र के वनस्पति और प्राणी समूह के संरक्षण तथा परिरक्षण में राज्य सरकार की सहायता करेगी ।

(xii) स्थानान्तरित वन भूमि की सीमायें प्रयोक्ता एजैन्सी के खर्च पर 4 फीट ऊँचे सीमेंट के खम्भों द्वारा चिन्हित की जाएंगी । प्रत्येक खम्भे पर कम संख्या, डी0जी0पी0एस0 निर्देशांक तथा एक खम्भे से दूसरे खम्भे की दूरी आगे तथा पीछे लिखी जाएगी ।

(xiii) यदि आवश्यक हो तो प्रयोक्ता एजैन्सी पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम 1986 के अनुसार पर्यावरणीय समाशोधन प्राप्त करेगी ।

(xiv) कूड़ा कर्कट निपटान वन विभाग द्वारा जारी योजना के अनुसार किया जाएगा ।

(xv) प्रयोक्ता एजैन्सी किसी भी प्रकार के रख–रखाव के कार्यों के लिए वन विभाग के स्थानीय अधिकारी की अनुमति प्राप्त करेगी ।

(xvi) इस अनुमति अधीन प्रत्यावर्तन अवधि, प्रयोक्ता एजैन्सी के पक्ष में दी जाने वाली लीज अवधि या परियोजना काल, इनमें से जो भी कम हो, के साथ समाप्त हो जाएगी ।

(xvii) अन्य कोई भी शर्त इस कार्यालय द्वारा वन तथा वन्य जीवों के संरक्षण, सुरक्षा तथा विकास हेतु समय–समय पर लगाई जा सकती है ।

(xviii) इन शर्तों में से किसी भी शर्त की उल्लंघना वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 की उल्लंघना होगी, जिसके परिणामस्वरूप Guidelines 1.21 of Handbook of Forest (Conservation) Act, 1980 and Forest Conservation Rules, 2003 (Guidelines & Clarifications)-2019 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी ।

(xix) यदि कोई अन्य सम्बन्धित अधिनियम/अनुच्छेद/नियम/न्यायालय आदेश/अनुदेश आदि इस प्रस्ताव पर लागू होते हैं तो उनके अधीन जरूरी अनुमति लेना प्रयोक्ता एजैन्सी की जिम्मेवारी होगी ।

4. उपरोक्त पैरा–2 के अधीन शर्तों की अनुपालना रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त, वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धारा 2 के अधीन अन्तिम स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा । *अन्तिम अनुमति दिए जाने तक वन भूमि का उपयोग नहीं किया जाएगा ।*

(हस्ताक्षर) 11.12.2021
प्रधान मुख्य वन संरक्षक, हरियाणा,
पंचकुला ।

प्रतिलिपि :–

1. क्षेत्रीय अधिकारी, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ ।
2. वन मण्डल अधिकारी, रेवाडी ।
3. प्रधान, ग्राम सभा, सीहा, जिला रेवाडी ।